बर्षः- 05
अंकः- 348
मुरादाबाद
(Monday)
13 April 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## नहीं रहीं सुरों की मल्लिकाः आशा भोसले का निधन, देशभर में शोक;पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

महान गायिका आशा भोसले के निधन पर देशभर में शोक की लहर है। पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुंबई के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी समेत कई नेताओं ने गहरा दुख जताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दीआज रविवार को भारतीय संगीत जगत को गहरा आघात लगा है। सुरों की दुनिया पर दशकों तक राज करने वाली महान गायिका आशा भोसले के निधन से देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके जाने से संगीत का एक स्वर्णिम युग मानो थम सा गया है।पीएम मोदी का शोक संदेश - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाज़ों में से एक थीं, जिनकी संगीत यात्रा ने दशकों तक भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया। पीएम मोदी ने कहा कि उनके भावपूर्ण गीतों



और जीवंत संगीत ने दुनिया भर में लाखों दिलों को छुआ। उन्होंने आशा जी के साथ हुई अपनी मुलाकातों को हमेशा यादगार बताया और कहा कि उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिवार, प्रशंसकों तथा संगीत प्रेमियों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।राजनाथ सिंह ने जताया शोक- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आशा भोसले की आवाज ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया और उनके गीत हमेशा लोगों के दिलों में गूंजते रहेंगे। उन्होंने इसे संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक संतप्त परिवार और उनके करोड़ों प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। आशा भोसले के निधन पर नितिन गडकरी का भावुक संदेश- भारतीय संगीत जगत की महान गायिका आशा भोसले के निधन पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे देश के संगीत क्षेत्र के लिए एक बड़ी और अपूरणीय क्षति बताया। नितिन गडकरी ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा से संगीत की दुनिया में अलग पहचान बनाई। उनके साथ उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक संबंध भी रहे, जिससे यह क्षति उनके लिए और अधिक भावुक कर देने वाली है।उन्होंने कहा कि %नया दौर%, %तीसरी मंजिल%, %हरे रामा हरे कृष्णा%, %उमराव जान', %इजाजत% और %रंगीला% जैसी फिल्मों के गीतों को आशा भोसले ने अपनी आवाज से अमर बना दिया। एक प्लेबैक सिंगर के रूप में उन्होंने अनेक यादगार गाने दिए, जो आज भी लोगों की जुबान पर हैं। गडकरी ने कहा कि आशा भोसले का योगदान सिर्फ एक दौर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उनकी आवाज कई पीढ़ियों तक लोगों के दिलों में गूंजती रहेगी। संगीत के क्षेत्र में उनका 'स्वर' हमेशा अमर रहेगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को संबल देने की कामना की और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संगीत जगत को अपूरणीय क्षति-पीयूष गोयल- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मधुर वाणी और अद्वितीय गायकी की प्रतिमूर्ति दीदी आशा भोसले जी ने दशकों तक भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी आवाज केवल सुरों का संगम नहीं, बल्कि भावनाओं का ऐसा अनकहा रिश्ता है जिसे शब्दों में बांध पाना संभव नहीं है। एक ऐसा जुड़ाव जो हर दिल में सदा जीवित रहेगा। उनके गाए गीत आने वाली पीढ़ियों तक यूं ही गूंजते रहेंगे। यह क्षण उनके परिवार, कला जगत से जुड़े सभी लोगों और करोड़ों प्रशंसकों के लिए अत्यंत भावुक और अपूरणीय क्षति का है। मैं सभी के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ। मां सरस्वती दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को इस दु:ख को सहने की शक्ति दें। %वह अमर हैं, हमेशा रहेंगी%- केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी गहरा दुख जताते हुए कहा कि आशा भोसले की आवाज के साथ ही उनकी पीढ़ी बड़ी हुई। उन्होंने भावुक अंदाज में कहा कि वह केवल एक कलाकार नहीं, बल्कि अमर विरासत हैं, जो हमेशा लोगों के बीच जीवित रहेंगी। उन्होंने उनके मशहूर गीत की पंक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी आवाज कभी खत्म नहीं होगी, बल्कि हमेशा लोगों के दिलों में गूंजती रहेगी। आशा भोसले के निधन पर देवेंद्र फडणवीस हुए भावुक- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महान गायिका आशा भोसलेके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा ताई के जाने से संगीत जगत को अपूरणीय क्षति हुई है और सुरों का एक खूबसूरत बाग आज सूना हो गया है। फडणवीस ने कहा कि पद्म विभूषण और महाराष्ट्र भूषण से सम्मानित आशा भोसले का जाना बेहद दुखद है। लता मंगेशकर के बाद मंगेशकर परिवार का एक और चमकता सितारा हमेशा के लिए खो गया है। उन्होंने आशा भोसले की बहुमुखी प्रतिभा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भक्ति गीतों से लेकर गजल, शास्त्रीय, लोक, पॉप और फिल्मी संगीत तक हर शैली में अपनी अलग पहचान बनाई। 12,000 से अधिक गीतों को अपनी आवाज देने वाली आशा ताई ने 20 से अधिक भाषाओं में गाकर संगीत की दुनिया में अनोखा मुकाम हासिल किया। फडणवीस ने हाल ही में हुई एक मुलाकात का जिक्र करते हुए बताया कि एक कार्यक्रम में आशा ताई ने उनसे %अभी ना जाओ छोड़कर% गाने का आग्रह किया था और मजाक में कहा था कि उन्होंने मुख्यमंत्री से गाना गवा लिया। सुरों की जादूगरनी को श्रद्धांजलि- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आशा भोसले एक ऐसी महान कलाकार थीं, जिन्होंने पीढ़ियों तक लोगों के दिलों पर राज किया। उन्होंने बंगाली गीतों के जरिए भी बंगाल में अपार लोकप्रियता हासिल की थी। वर्ष 2018 में उन्हें राज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बंगविभूषण' भी प्रदान किया गया था।सुवेंदु अधिकारी ने भी जताया दुख- पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने उन्हें %मेलोडी की महारानी% बताते हुए कहा कि उनकी आवाज ने भारतीय सिनेमा के कई दौरों को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि आशा भोसले का योगदान अतुलनीय और अपूरणीय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। %मेरी जिंदगी की संपत्ति चली गई%- महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशीष शेलार ने भावुक शब्दों में कहा कि आशा ताई के जाने से उन्होंने अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी पूंजी खो दी है। उन्होंने बताया कि आशा भोसले ने हर शैली (भजन, लावणी, फिल्मी गीत, अभंग) में अपनी अद्भुत आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। बहुभाषी गायन की अद्वितीय पहचान- आशा भोसले का करियर लगभग पांच दशक लंबा रहा। इस दौरान उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक यादगार गाने दिए। सबसे खास बात कि अपने इतने लंबे करियर के दौरान आशा भोसल ने अलग-अलग दौर के कई दिग्गज संगीतकारों के साथ काम किया और कईयों के साथ उनकी जोड़ी काफी हिट रही। इस लिस्ट में शंकर-जयकिशन, खैय्याम, रवि, सचिन देव बर्मन, आरडी बर्मन, ओपी नैय्यर, इलैयाराजा, बप्पी लहरी और ए.आर रहमान जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। उन्होंने फिल्मों के अलावा म्यूजिक एल्बम में और कई सिंगल सॉन्ग भी गाए। आशा भोसले की महानता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने हिंदी के अलावा कुल 20 भारतीय और विदेशी भाषाओं में गाने गाए थे। साल 2006 में खुद आशा भोसले ने बताया था कि उन्होंने 12 हजार गाने गाए हैं। यही नहीं आशा भोसले ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामित होने वाली पहली भारतीय गायिका भी हैं। यही कारण है कि वे भारतीय ही नहीं, वैश्विक संगीत जगत की भी प्रतिष्ठित आवाज बनीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुद्रा लोन घोटाले में यूनियन बैंक मैनेजर गिरफ्तार, करोड़ों की ठगी का खुलासा; इस तरह चलाते थे नेटवर्क

मुद्रा लोन योजना में फर्जी दस्तावेजों से करोड़ों का घोटाला करने वाले बैंक शाखा प्रबंधक को एसटीएफ ने दिल्ली से गिरफ्तार किया। गिरोह ने 100 से ज्यादा लोगों के नाम पर फर्जी लोन पास कराए। जांच में बैंक कर्मियों और अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई है।एसटीएफ ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए मुद्रा लोन योजना में करोड़ों रुपये का घोटाला करने वाले यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक नितिन चौधरी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ एएसपी विशाल विक्रम के मुताबिक, आरोपी नितिन चौधरी मूलरूप से आजमगढ़ का निवासी है। वर्तमान में दिल्ली में बैंक में तैनात था। उसके पास से मोबाइल फोन, आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, मेट्रो कार्ड और नकदी बरामद हुई है।जांच में सामने आया कि यह एक संगठित गिरोह चलाता है, जिसमें बैंक कर्मियों के साथ फर्जी दस्तावेज बनाने वाले भी शामिल हैं। गिरोह ने करीब 100 लोगों के नाम पर फर्जी तरीके से मुद्रा लोन पास कराकर करोड़ों रुपये हड़प लिए।ऐसे करते थे धोखाधड़ी- पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लोगों के आधार व पैन कार्ड पर लगी फोटो एडिट कर दूसरे व्यक्तियों की फोटो लगाई जाती थी और उनके नाम से फर्जी कंपनियां बनाकर लोन पास कराया जाता था। लोन की रकम गिरोह द्वारा बनाए

## संसद के विशेष सत्र पर विवादः खरगे का केंद्र पर बड़ा हमला, कहा- महिला आरक्षण को बिना चर्चा थोप रही मोदी सरकार

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसके साथ ही केंद्र सरकार को एक सुझाव भी दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि अगर सरकार सच में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहती है, तो 29 अप्रैल के बाद एक सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस पूरे मुद्दे पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर संसद के विशेष सत्र और महिला आरक्षण कानून को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह विशेष सत्र बिना विपक्ष को भरोसे में लिए बुलाया है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। खरगे ने अपने पत्र में लिखा कि सरकार महिला आरक्षण कानून यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को जल्दबाजी में लागू करना चाहती है और इसके पीछे राजनीतिक फायदा लेने की मंशा नजर आती है। उन्होंने यह भी कहा कि



सरकार विपक्ष से सहयोग तो मांग रही है, लेकिन सबसे अहम मुद्दे, डिलिमिटेशन, पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रही है। ऐसे में बिना पूरी जानकारी के इस कानून पर सार्थक चर्चा करना संभव नहीं है।उन्होंने याद दिलाया कि यह कानून सितंबर 2023 में संसद से सर्वसम्मति से पास हुआ था और उस समय कांग्रेस ने इसकी तुरंत लागू करने की मांग की थी। लेकिन अब करीब 30 महीने बाद सरकार अचानक विशेष सत्र बुला रही है, यह भी कहा कि सरकार का यह दावा सही नहीं है कि उसने सभी राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर चर्चा की है। उनके मुताबिक, विपक्ष लगातार मांग कर रहा है कि मौजूदा चुनाव खत्म होने के बाद एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए, ताकि डिलिमिटेशन और कानून में होने वाले संवैधानिक बदलावों पर विस्तार से चर्चा हो सके। उन्होंने चिंता जताई कि संसद का यह विशेष सत्र ऐसे समय बुलाया गया है जब कई राज्यों में चुनाव चल रहे हैं। इससे यह संदेश जाता है कि सरकार महिला आरक्षण कानून को जल्द लागू कर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, न कि वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाना। पुराने मुद्दों का खरगे ने दिया हवाला- खरगे ने अपने पत्र में सरकार के पिछले फैसलों, जैसे नोटबंदी, जीएसटी, जनगणना और राज्यों से जुड़े मुद्दों, का हवाला देते हुए कहा कि इन मामलों में सरकार का रिकॉर्ड भरोसा पैदा नहीं करता। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन का असर केंद्र और राज्यों दोनों पर पड़ेगा

## खीरी में सीएम योगी बोलेः सच्चा शासन वही, जहां प्रजा सुखी रहे;सैफई और परिवारवाद का जिक्र कर विपक्ष पर बरसे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने पलियाकलां तहसील के थारू क्षेत्र चंदनचौकी में थारू जनजाति के परिवारों को जमीन के मालिकाना हक संबंधी अधिकार पत्र सौंपे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को भारत-नेपाल सीमा पर स्थित पलियाकलां के चंदनचौकी पहुंचे। यहां उन्होंने न केवल विकास की बयार बहाई, बल्कि दशकों से अपने हक का इंतजार कर रहे थारू जनजाति के परिवारों को जमीन का पूर्ण स्वामित्व (मालिकाना हक) सौंपा। सीएम योगी ने पलिया तहसील के 34 गांवों



के 4356 थारू परिवारों को 538 हेक्टेयर जमीन के स्वामित्व संबंधी अधिकार पत्र दिए। 1976 से ये परिवार सिर्फ जमीन का उपयोग कर रहे थे, अब वे इसके मालिक बन गए हैं। इसके अलावा विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने श्लोक सुनाया। कहा कि प्रजा सुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितम्... यानि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी रहे। राज्य की जनता का कल्याण हो। शासन की खुशी का आधार उसकी जनता की खुशी है। यह कार्य तभी होता है जब शासन सत्ता में संवेदना होती है। बिना भेदभाव के काम हो। आज जो काम हो रहा है ये उसी संवेदना का काम है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में संवेदनाओं का अभाव था। अपने परिवारवाद से ऊपर उठ पाते तो इन थारू परिवारों के बारे में सोच पाते, लेकिन जिनको समाज को बांटने से फुसरत न हो, सदैव बांटने का काम किया हो। जिन्होंने आपके संसाधन और हकों पर डकैती डालने का काम किया होगा। उनसे यह उम्मीद करना है कि वे आपको आपका अधिकार दिलाएंगे

## सिलीगुड़ी में पीएम मोदी की हुंकारः बोले- चार मई के बाद बनेगी भाजपा सरकार, टीएमसी को देना होगा पाई-पाई का हिसाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिलीगुड़ी की रैली में टीएमसी पर तीखा हमला करते हुए दावा किया कि चार मई के बाद पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि नई सरकार बनने के बाद टीएमसी को पिछले पंद्रह वर्षों के हर पल और पाई-पाई का हिसाब देना होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सिलीगुड़ी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (झस्ष्ट) सरकार पर तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी के लोगों ने



हमेशा उन्हें भरपूर प्यार दिया है और कल के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब यह साफ करता है कि बंगाल अब परिवर्तन का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल से टीएमसी का जाना तय है।प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार के 15 साल के शासन में बंगाल सिर्फ बर्बाद हुआ है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जो युवा आज पहली बार वोट देने जा रहे हैं, वे बंगाल का भविष्य तय करें। पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी ने 15 वर्षों में कोई काम नहीं किया, बल्कि सिर्फ काले कारनामे किए हैं। उन्होंने सिलीगुड़ी को नॉर्थ बंगाल का प्रवेश द्वार बताते हुए कहा कि टीएमसी ने जान-बूझकर यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्री और टूरिज्म को पीछे रखा। केंद्र सरकार ने जो पैसा भेजा, उसे सिंडिकेट वाले हजम कर गए।पीएम मोदी ने टीएमसी पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि इस निर्मम सरकार ने मदरसों के लिए तो 6,000 करोड़ रुपये का बजट दिया, लेकिन नॉर्थ बंगाल के विकास के लिए पर्याप्त पैसा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब नॉर्थ बंगाल बारिश और तबाही से जूझ रहा था, तब टीएमसी सरकार कोलकाता में जश्न मना रही थी। पीएम ने टीएमसी को नॉर्थ बंगाल, आदिवासी, चाय-बागान, महिला और युवा विरोधी पार्टी बताया।भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी, टीएमसी वाले कान खोलकर सुन लें, चार मई के बाद बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और उन्हें पिछले 15 वर्षों के पल-पल और पाई-पाई का हिसाब देना होगा। सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी कॉरिडोर मां भारती की भुजा है, लेकिन टीएमसी ने तुष्टिकरण के लिए उन टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन किया जो नॉर्थ-ईस्ट को देश से अलग करने की धमकी देते हैं।

संपादकीय Editorial

# A ceasefire in jeopardy

Both sides must understand that a ceasefire is essential not only for themselves or West Asia, but for the entire world. The global economy is facing a deep crisis due to the blockage of the Strait of Hormuz. The US-Iran ceasefire is in jeopardy due to Israeli attacks. The closure of the Strait of Hormuz poses a crisis to the global economy.

Pakistan's mediation has failed, a credible solution is needed. It is disappointing and worrying that the ceasefire agreed between the US and Iran after 40 days of fighting appears to be falling apart even before it can be implemented. This is because Israeli attacks in Lebanon have not stopped. Israel says that stopping attacks on Lebanon was not part of the ceasefire agreement. The US also says the same, but Iran disagrees and has backed out from opening the Strait of Hormuz. It is clear that if Israel's attacks on Lebanon continue, the ceasefire agreed upon through Pakistan's alleged mediation, which brought a sigh of relief to the world, will not be implemented. Its chances of implementation appear slimmer because Iran is targeting Gulf countries in response to Israel's attacks on Lebanon, and the US is threateningly declaring its forces ready to attack Iran if the ceasefire is not implemented. The tenuous state of the ceasefire is also evident from the fact that the Iranian delegation scheduled to arrive in Islamabad for talks is currently undecided. Amidst all this, the US and Iran are making differing claims regarding the terms on which the ceasefire was agreed. Both sides are accusing each other of misunderstanding their intentions. This happens when distrust is at its peak and opposing sides are filled with suspicion of each other. One reason for this uncertainty is Pakistan's alleged mediation. It is now clear that Pakistan was acting as a messenger, not a mediator. It seems they failed to do even this task properly, or in their haste to become a peacemaker, they erred in communicating messages to each other, or deliberately exchanged messages that were misleading. It is difficult to understand why the US chose Pakistan as its agent, as it has no contact with Israel and Iran does not trust it very much. If the US and Iran truly want to resolve their disputes through a ceasefire and negotiations, they must select a reliable mediator with some credibility. Both sides must understand that a ceasefire is essential not only for them and West Asia, but for the entire world. The global economy is facing a severe crisis due to the blockage of the Strait of Hormuz. The energy crisis resulting from this closure is affecting industries worldwide.

# Voting rights cannot be taken away.

This is a question of the fundamental right of every citizen of India—the right to vote. No one can take it away or postpone it. Postponement means that it doesn't matter, you can vote in the elections after five years. No, this is completely wrong, unconstitutional, and undemocratic. But this has happened in West Bengal, and it has caused panic. People are afraid and apprehensive that their citizenship will eventually be revoked! The Election Commission has conducted Special Intensive Revision (SIR) in several states and union territories. Indeed, it caused a storm in Bihar, and attempts were made to make it a political, electoral issue, but they failed. The elections were completed, and the BJP-NDA government remained in power. In Bengal, even after the "logical discrepancy category" process, the names of more than 27.16 lakh voters were deleted. A total of more than 90.83 lakh names have been deleted. Were all of them infiltrators or fake voters? Why has the Commission not clarified this to date? Leaving aside the figures of those who have died, this is no ordinary figure. So many people have been deprived of their right to vote. The Election Commission has no constitutional power to deprive them of their right to vote. If millions of names have been deleted, they must also provide details, as this is a matter of fundamental rights. This figure exceeds the total number of voters in four Lok Sabha seats. Consequently, only 67,554,184 voters will be able to vote in this assembly election. Before the SIR, the number of voters in Bengal was over 76.6 million. In the 2024 Lok Sabha elections, there were also over 76.1 million eligible voters. The more than 27.16 lakh voters whose names are pending or are still doubtful will definitely not be able to exercise their right to vote in the elections on April 23 and 29, as the voter lists have been frozen after the nomination process has concluded. Meaning, no amendments can be made to them now. Although these millions of voters can file their complaints and objections with the tribunals, the tribunals themselves are crippled. They lack rooms, chairs, tables, or digital network facilities. Many of the judicial committees that were supposed to investigate voter cases, as ordered by the Supreme Court, haven't even been formed. Who will provide "justice" to voters, and how? Suppose, after examining cases of logical discrepancies, 1 million names are found to be correct and the Election Commission publishes a supplementary voter list, who will allow them to vote? Have election officials been given instructions regarding the "supplementary list"? How will they be able to vote when the voter lists have been frozen? How will even eligible voters be able to vote? In this context, Supreme Court Justice Bagchi's decision does not seem "constitutional." He stated that such voters can find a place in future voter lists and exercise their right to vote in future elections. Of course, we can't question the judge's decision, but we must question who gave us the right to vote every five years? The right to vote is eternal, everlasting, and continuous. Whenever elections are held, citizens have the constitutional right to choose their representatives. Of course, the SIR falls within the Election Commission's constitutional responsibilities, but it should not prove anti-people. In Bengal, 75-80 percent of Muslim names have been deleted, and some Hindus and non-Muslims have also been targeted, in order to present a facade of neutrality. The question is: why are the family members of the person who created beautiful, cultural images within the Constitution not considered "voters"? Why is the name of a passport holder missing from the list? Why is a BSF soldier protecting the country on the borders not considered an eligible voter? Countless such discrepancies still exist. Why is a delegation mistreated if they go to meet the Chief Election Commissioner? Is he actually "His Excellency"? However, these issues should be addressed. It is hoped that the assembly elections in various states will be held peacefully.

# West Asia Crisis: Trump Trapped

Trump, deeply embroiled in the West Asia crisis, deserves no sympathy because he acted arbitrarily. Iran, facing US and Israeli attacks, is garnering sympathy from much of the world. However, if the US and Israel act arbitrarily, Iran is no stranger to blame. Trump's Iran policy deepened the crisis in West Asia. Iran's military capabilities challenged the US and Israel.

Trump's contradictory decisions increased global instability. The popular 2010 film "Fas Gaye Re Obama" was a comedy, born out of a tragedy. Its story concerned an NRI who returned to India to face the economic crisis that erupted in the US during President Barack Obama's tenure. Just as the recession in the US troubled the entire world at the time, the US's joint Israeli attack on Iran is troubling the entire world today. More than a month has passed since this war began, and it's difficult to predict when it will end. If the US hadn't supported Israel, this war wouldn't have happened. However, it seems that President Trump, driven by his arrogance, mistook Iran for Venezuela and attacked it without considering the extent and nature of its military capabilities. He failed to realize that Iran would make Iran sweat by attacking neighboring countries and blocking the Strait of Hormuz. It is now truly capable of doing so, and Trump is at a loss for how to get out of this war. On the one hand, he boasts of being the most powerful ruler and world policymaker, while on the other, he has exposed his weakness by granting Iran extension after extension to open the Strait of Hormuz. If his military is so powerful, why isn't Iran's lethality diminishing? It is launching missiles that have stunned both the US and Israel. Trump sometimes threatens to send Iran back to the Stone Age, and sometimes initiates peace talks with it. Trump's proposal for peace talks with Iran has not only been rejected but also ridiculed. Iran is also issuing counter-threats. When he launched his attack on Iran, Trump stated that he intended to eliminate Iran's nuclear weapons capability through regime change. There is no sign of a regime change in Iran, even though several senior military officials, including its Supreme Leader Khamenei, have been killed. It's also difficult to say that its nuclear plants have been so severely damaged by US and Israeli attacks that it will never again be able to develop nuclear weapons. Trump, who uses his tariff policy as a stick to drive the world, is neither able to protect the Gulf countries from Iranian attacks nor persuade his allies, even NATO members, to support him in this war. His allies are also reluctant to cooperate because, not long ago, he threatened to annex Greenland. Iran has dispelled the atmosphere that the world will be as Trump wishes, and that other countries will have to bow to his stubbornness. Trump has been claiming that he is the President of Peace and has prevented seven or eight wars, but he has no answer for why he couldn't stop the Russia-Ukraine war, the very thing he practiced the most. As a self-proclaimed messiah of peace, he claims to be worthy of the Nobel Prize and laments his failure to receive it, but overall, he has only destabilized and disturbed the world. He is accustomed to treating his adversaries even worse than his allies. Trump wants the whole world to salute him, but he resorts to bullying and threats to achieve this. For this reason, he is not and cannot be worthy of respect and honor. Trump is an unreliable and chaotic ruler, adept at going back on his word, acting arbitrarily, and lying. He pretends to have the solution to every problem in the world, but the West Asia crisis has become a thorn in his side. How frustrated he is by this was evident from his abusive posts from the past few days. His language was a bit like this dialogue from a Hindi movie: "Dog, bastard, I will drink your blood." Trump, deeply embroiled in the West Asian crisis, deserves no sympathy because he acted arbitrarily. Iran is gaining sympathy from a large part of the world as it struggles with US and Israeli attacks. But if the US and Israel act arbitrarily, Iran is no stranger to blame. The regime there is tyrannical and brutal toward its own people. It has killed thousands of its own people. It is deeply obsessed with wiping Israel off the world map. If Iran develops nuclear weapons, it will not only pose a serious threat to Israel's existence, but will also bully everyone in West Asia, and will openly support terrorist organizations like Hamas and Hezbollah. Whenever and however the West Asia crisis is resolved, the US President is currently in a tight spot there and there is no need to make a film like 'Fas Gaye Re Trump' on him, because he himself has become a walking comedy.

# West Asia - Peace Without a Solution

The Strait of Hormuz emerged as a crucial aspect of this development. Approximately 20 percent of the world's energy resources are transported through this route. Iran emerged in a stronger position despite military pressure. Control of the Strait of Hormuz will alter the global balance of power. Military power cannot solve complex geopolitical problems. The fragile ceasefire declared between the US and Iran is not the end of a conflict, but rather the beginning of a more complex and uncertain phase in West Asian politics. The unfolding events are not the result of a clear military victory, but a combination of political pressures, strategic mistakes, and shifting global equations. While the ceasefire may have provided some immediate relief to energy supplies and the global economy, its deeper implications indicate a situation where Iran appears to be emerging in a relatively stronger position despite heavy military pressure. The roots of this conflict lie in long-standing concerns about Iran's nuclear program and its regional influence. Israel considered this a threat to its existence and justified military action aimed at weakening its nuclear capabilities. The US has consistently stood by this strategy, especially strongly during the Trump era. Its overarching goal was to weaken or even replace Iran's Islamic system. It was assumed that external military pressure would incite discontent within Iran, leading to a public uprising against the government. Contrary to this assumption, the attacks created a kind of unity within Iranian society, and people rallied behind the government. The failure of the war to meet expectations forced the US to reconsider its strategy. Iran's nuclear capability was not destroyed, its political system remained intact, and its military power was not decisively weakened. As the conflict dragged on, the costs to the US increased, not only economic but also political. The upcoming midterm elections in the US made the situation even more sensitive. It became necessary for the Trump administration to exit a war that was not popular domestically. Even among Trump's supporters, there was growing unease about this war. Furthermore, threats to attack Iranian civilian infrastructure have sparked debate about war crimes internationally, weakening America's moral standing. In the current environment, a ceasefire appears more like a strategic necessity than a diplomatic breakthrough. The emerging role of Pakistan and China in this process also reflects a shift in the balance of power in global politics. Pakistan's emergence as a mediator is noteworthy. China's role demonstrates its not only economic power but also diplomatic influence. The Strait of Hormuz has emerged as a key aspect of this development. Approximately 20 percent of the world's energy resources are transported through this route. If Iran maintains effective control over this route even after a ceasefire, it would be a major shift in the global balance of power. Even if this control is not formally declared, if ships are monitored or operated under Iranian conditions, it would strengthen its strategic position. It is possible that Iran may impose tariffs on ships passing through the Strait of Hormuz, which would have a direct impact on the global oil market. Rising oil prices, increasing transportation costs.

# इतने मासूम अफसर: मुरादाबाद जिले में कितने विधायक, इससे भी बेखबर, नंबर को दूर की बात, एसई आवास विकास लखनऊ तलब

विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की बैठक में अधीक्षण अभियंता आवास विकास जनप्रतिनिधियों और जिले की बुनियादी जानकारी तक नहीं दे पाए। इसके बाद उन्हें समिति ने उन्हें लखनऊ तलब किया। बैठक में अनुपस्थित पर बुलाया गया। विधान परिषद में अधीक्षण अभियंता (एसई) जनप्रतिनिधियों को भी नहीं नहीं बता पाए। यही नहीं, जिले भी नहीं दे पाए। इस पर समिति बैठक में अनुपस्थित एमडीए पर उन्हें भी समिति ने लखनऊ समीक्षा समिति के सभापति हाउस में सदस्य मानवेंद्र सिंह, सदस्य एमएलसी भूपेंद्र चौधरी, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त की की समीक्षा की। सभापति ने विभागों को भेजे जाने वाले पत्रों जानकारी ली।साथ ही उनके पत्रों पंजिका की स्थिति के बारे में विभागों द्वारा विकास से संबंधित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के



एमडीए वीसी को भी जानकारी न देने की विनियमन समीक्षा समिति की बैठक आवास विकास स्थानीय पहचान पाए। उनके मोबाइन नंबर भी में कितने विधायक हैं, इसका जवाब ने उन्हें लखनऊ तलब किया है। वहीं वीसी की ओर से जानकारी नहीं देने बुलाया है।विधान परिषद की विनियमन अश्विनी त्यागी ने शनिवार को सर्किट पवन कुमार सिंह और विशेष आमंत्रित एमएलसी गोपाल अंजान, एमएलसी मौजूदगी में मुरादाबाद और रामपुर जिले जिले के जनप्रतिनिधियों के स्तर से पर की गई कार्रवाई की विस्तार से को सूचीबद्ध करने के संबंध में तैयार भी मालूम किया। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना तैयार करने के दौरान प्रस्ताव इसमें शामिल कराए जाएं। बैठक में एमडीए वीसी के स्थान पर सचिव पहुंचे। इस पर सभापति ने वीसी के नहीं आने का कारण सचिव से पूछा। सचिव ने बताया कि उपाध्यक्ष एक दिन पहले लखनऊ में आयोजित शासकीय बैठक में गए थे। अवकाश पर हैं। इसकी जानकारी समिति को नहीं दिए जाने पर सभापति ने एमडीए वीसी को लखनऊ तलब कर लिया। वहीं, अधीक्षण अभियंता (एसई) आवास विकास महेंद्र कुमार से सभापति ने जनपद में जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद किए जाने के बारे में पूछा। यह सवाल भी किया कि क्या जनप्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर उनके पास हैं। एसई बैठक में मौजूद एमएलसी एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को पहचान तक नहीं पाए। एमएलसी गोपाल अंजान को पहचान गए लेकिन उनका मोबाइन नंबर नहीं बता पाए। हैरत की बात यह है कि सभापति के पूछने पर वह जिले में विधायकों की सही संख्या भी नहीं बता सके। इससे नाराज होकर सभापति ने उन्हें लखनऊ तलब कर लिया।बैठक में एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि जिले में एक साल में 19 पुलिस चौकियां स्थापित कराई गई हैं। सभापति ने कहा कि उच्च शिक्षा की प्रबंधन समितियों द्वारा शासनादेश का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रबंधन समितियों के मनमानी पूर्ण रवैये पर रोक लगाई जाए। इस दौरान समिति के अनुसचिव अरुण प्रकाश शर्मा, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, प्रतिवेदक आशीष सिंह, एआरओ अभिनव तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह, मेयर विनोद अग्रवाल के साथ मुरादाबाद, रामपुर, संभल और अमरोहा के डीएम और पुलिस कप्तान मौजूद रहे। हर तीन महीने पर कराएं विद्युत समिति की बैठक, लखनऊ भेजें रिपोर्ट- सभापति ने अधीक्षण अभियंता विद्युत प्रशांत कुमार से जनप्रतिनिधियों से मिले प्रस्तावों पर हुए कामों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने हर तीन महीने पर जिला विद्युत समिति की बैठक के बारे में अधीक्षण अभियंता से पूछा। इस पर अधीक्षण अभियंता ने बताया कि करीब नौ माह पहले बैठक हुई थी, जिस पर सभापति ने कहा कि शासन की गाइड लाइन है कि हर तीन माह में जिला विद्युत समिति की बैठक होनी चाहिए। इस बाद होने वाली बैठक की रिपोर्ट लखनऊ भेजी जाए।

# चार माह में भी नहीं बदले मुरादाबाद मंडल के हालात, विकास के मोर्चे पर फिर फेल, सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग जारी

सीएम डैशबोर्ड की मार्च रैंकिंग में मुरादाबाद मंडल के जिले एक बार फिर विकास कार्यों में पिछड़ गए। मुरादाबाद 61वें, अमरोहा 54वें, संभल 46वें और बिजनौर 47वें स्थान पर रहे। लगातार चौथे महीने मंडल का प्रदर्शन कमजोर रहा। मुरादाबाद मंडल हों, लेकिन सीएम डैशबोर्ड पर जारी होने वाली माह की जारी रैंकिंग में मंडल के जिले विकास 54वें, संभल 46वें और बिजनौर 47 वें स्थान मंडल विकास के क्षेत्र में पिछड़ गया। हालांकि टॉपटेन में जगह बनाने में सफल रहा। जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं पर शासन स्तर से भी नजर रिपोर्ट की समीक्षा कराई जाती है। इसके बाद हर के सभी 75 जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। विकास कार्यों में दिसंबर 2025 में पिछड़ने वाला बाद मार्च में भी पीछे रह गया। रामपुर को छोड़कर भी जगह नहीं बना पाया। फरवरी की तुलना स्थिति खराब रही। मुरादाबाद 61वें स्थान पर 47 वें स्थान पर रहा। ये हाल तब है जब जिले



में अधिकारी विकास कार्यों के दावे भले ही करते रैंकिंग उनके दावों की हवा निकाल देती है। मार्च कराने में फिर पीछे रह गए। मुरादाबाद 61वें, अमरोहा पर रहा।यह लगातार चौथा मौका है जब मुरादाबाद जरा सा ही सुधार आया है, वहीं रामपुर प्रदेश में होने वाले विकास कार्यों, राजस्व वसूली, शिक्षा और रखी जाती है।जिलों से शासन को भेजी जाने वाली महीने की दस तारीख को सीएम डैशबोर्ड पर प्रदेश शुक्रवार को मार्च माह की रैंकिंग जारी की गई। मुरादाबाद मंडल इस साल जनवरी और फरवरी के मंडल का कोई जिला टापटेन तो छोड़िए टाप-20 में में इस बार भी मंडल के जिलों में मुरादाबाद की रहा। वहीं अमरोहा 54 वें, संभल 46 वें और बिजनौर और मंडल स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी की जाती है। बैठक कर बिंदुवार समीक्षा की जाती है। साथ ही अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाती है। हालांकि फरवरी माह की तुलना में मुरादाबाद, अमरोहा और संभल की रैंकिंग में कुछ सुधार है। जबकि रामपुर को प्रदेश में चौथा स्थान मिला है। फरवरी व मार्च में बिजनौर के एक जैसे हालात - फरवरी की तुलना में मार्च माह में मंडल के मुरादाबाद, संभल, रामपुर और अमरोहा जिले की रैंकिंग में कुछ सुधार आया है। रामपुर टॉपटेन में पहुंच गया। मुरादाबाद 75 से 61, संभल 53 से 46 अमरोहा 68 से 54 वें स्थान पर पहुंच गया। जबकि बिजनौर जिले की हालात फरवरी और मार्च में एक जैसे रहे। यह जिले फरवरी में 47 वें स्थान पर था। मार्च में भी बिजनौर 47 वें स्थान पर रहा। विकास कार्यों में मंडल के जिलों की चार महीने की रैंकिंग- जिला मार्च फरवरी जनवरी दिसंबर अमरोहा 54 68 65 67 मुरादाबाद 61 75 67 56 संभल46 53 61 53 बिजनौर 47 47 32 29 रामपुर04 11 23 08 मार्च माह में राजस्व की रैंकिंग में मंडल के जिलों की स्थिति- जिले रैंकिंग अमरोहा 12 मुरादाबाद 17 संभल 10 बिजनौर 41 रामपुर 06

## संक्षिप्त समाचार

### सात साल से युवक से दोस्ती, परिजनों ने पकड़ा तो निकाह हुआ तय, मुकरने पर प्रेमिका पहुंची थाने

युवती ने प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी है। उसका आरोप है कि युवक से उसकी सात साल से जान पहचान थी। दोनों के परिजनों ने उनका निकाह तय कर दिया था। अब युवक ने इससे इनकार कर दिया। शादी से मुकरने पर एक युवती ने प्रेमी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शादी का वादा कर यौन शोषण करने, मारपीट करने और धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित युवती ने कुंदरकी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि पिछले सात वर्ष से गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग रहा है।प्रेमी ने शादी करने का वादा करके उसकी बिना मर्जी के उसके साथ यौन शोषण किया। सात अप्रैल को परिजनों ने बात करते हुए पकड़ लिया। दोनों की निकाह कर लेने की बात कही लेकिन आरोपी युवक और उसके परिजनों ने निकाह करने को मना कर दिया। आरोप है कि आठ अप्रैल को युवक ने मारपीट की। थाना प्रभारी जसपाल सिंह का कहना है कि पीड़िता का कोर्ट में बयान कराए जाएंगेघर से निकली किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज- मुरादाबाद कोतवाली क्षेत्र में दुकान से सामान खरीदने घर से निकली किशोरी लापता हो गई। किशोरी की मां ने इस मामले में एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। किशोरी की मां ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी आठ अप्रैल की शाम चार बजे घर से परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। महिला का आरोप है कि सिविल लाइंस के चक्कर की मिलक निवासी नदीम उसे अपने साथ ले गया है। मां ने आशंका जताई कि आरोपी उसकी बेटी के साथ कोई घटना कर सकता है। सीओ कोतवाली सुनीता दहिया ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है। स्कूल के चौकीदार को पीटा, चार पर रिपोर्ट- मझोला थानाक्षेत्र के लाइनपार स्थित स्कूल के चौकीदार को कुछ लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। लाइनपार रामलीला ग्राउंड के पास स्थित श्री सत्य साई अकादमी के उप प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके स्कूल के गेट के सामने रहने वाली रामवीर और रीना ने बांसों की बैरीकेडिंग लगा दी थी। 27 जनवरी 2026 को चौकीदार राजू ने बैरीकेडिंग हटाने की कोशिश की तो दो महिलाएं और उनके बेटे आ गए और राजू के साथ मारपीट की। उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी महिला रामवीरी, उसके बेटे नितिन, रीना और उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दहेज के लिए किया प्रताड़ित, तीन तलाक देकर घर से निकाला - सिविल लाइंस थाना क्षेत्र निवासी महिला ने अपने पति पर तीन तलाक देने और ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर पर पति समेत आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी सिविल लाइंस के चक्कर की मिलक निवासी सुबहान के साथ 2018 को हुई थी। शादी के बाद से ही उसे ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा था। मारपीट की जाती थी। वह अपने मायके में आकर रहने लगी थी। एक अप्रैल को वह मां और भाई के साथ ससुराल पहुंची तो पति और ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की। पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति सुबहान, सास वलीसा, जेठ मुशर्रफ उर्फ छोटे, जेठानी शबाना, ननद बबली, ननदोई कौसर, दूसरी ननद रेशमा और ननदोई यासीन पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# आईपीएल सट्टा: पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष समेत 22 के खिलाफ 900 पेज की चार्जशीट दाखिल, गिरोह सदस्यों पर पुलिस की नजर

आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टा खिलाने के आरोपी में गिरफ्तार किए गए हिंदू कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुशील चौधरी समेत 22 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। सिविल लाइंस पुलिस ने एक साल पहले 2025 की रात सिविल लाइंस क्षेत्र के एक मकान में छापा मारकर आईपीएल मैचों पर सट्टा खिलाने वाले गिरोह का खुलासा किया था। यह सभी आरोपी जमानत पर हैं। 11 अप्रैल 2025 की रात पुलिस और एसओजी ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के पीटीसी रोड स्थित एक मकान में छापा मारा था। पुलिस ने मौके से सिविल लाइंस के दीन दयाल नगर निवासी एवं हिंदू कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुशील चौधरी, रामगंगा विहार निवासी अभिनव, कोतवाली के जीएमडी रोड जवाहर मार्केट निवासी कौशल कपूर, आबकारी विभाग के पास रहने वाले विपुल, मझोला के शंकर नगर निवासी मनोज अरोरा, मझोला के मिलन विहार निवासी धर्मेंद्र कुमार, सिविल लाइंस के आकाश सोसायटी निवासी रोहित गुप्ता, सिविल लाइंस के दीनदयाल नगर निवासी हेमंत कुमार, नागफनी के किसरौल निवासी मो. शहजादे सलीम को गिरफ्तार किया था।पुलिस ने दावा किया था कि गिरफ्तार किए गए लोग आईपीएल मैचों में ऑन लाइन सट्टा खिला जा रहे थे। पुलिस को मौके से 11 मोबाइल, एलइडी, एक पिस्टल, एक रिवाल्वर, 27 कारतूस और करीब 1.46 लाख रुपये की नकदी मिली थी। एसएसआई हरेंद्र कुमार की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में गिरफ्तार किए गए नौ लोगों के अलावा अमित नागपाल, कमलदीप टंडन, राजदीप टंडन, मुकुल गोटेवाला, आशु रस्तोगी, रचित रस्तोगी, विशाल डुडेजा, सुमित उर्फ सन्नी सेठी, टीटू उर्फ दीपक गगनेजा, विक्की छाबडा, कमल छावड़ा, बिन्नी उर्फ गौरव आनंद, साहिल और प्रवीण के नाम विवेचना में बढ़ाए गए थे। सिविल लाइंस थाने के क्राइम इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार ने विवेचना की और 22 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है। विवेचना में विशाल डुडेजा की संलिप्तता सामने नहीं आने पर उसका नाम निकाल दिया गया है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि करीब 900 पेज की चार्जशीट दाखिल की गई है। सभी आरोपी जमानत पर हैं। सट्टा खिलाने वाले गिरोह की गतिविधियों पर नजर - आईपीएस मैच शुरू होते ही हर साल सट्टा खिलाने वाले गिरोह सक्रिय हो जाते हैं। पिछले साल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की थी। फिर से पुलिस सट्टा खिलाने वाले गिरोह और उनके सदस्यों की गतिविधियों पर नजर रख रही है।

# सिद्ध पीठ काली माता मंदिर की चौहद्दी की पैमाइश, अब चारों ओर होगी तारबंदी, गायब महंत की तलाश जारी

विवाद के बाद राजस्व कर्मियों ने सिद्ध पीठ काली माता मंदिर की चौहद्दी की पैमाइश पूरी की। मंदिर के संतों ने बताया कि बाउंड्री के चारों तरफ तारबंदी की जाएगी। इसके अलावा पुलिस रायबरेली से गायब महंत की तलाश कर रही है। राजस्व कर्मचारियों ने लालबाग स्थित सिद्ध पीठ काली माता मंदिर की चौहद्दी की पैमाइश किया लेकिन सभी तीनों गाटा संख्या की नाप पूरी नहीं हो सकी। मंदिर के संतों का कहना है कि बाउंड्री के चारों तरफ सुरक्षा के लिए तारबंदी की जाएगी ताकि कोई अनाधिकृत व्यक्ति या जानवर प्रवेश न कर सके।डीएम अनुज सिंह के निर्देश पर कानूनगो ब्रह्मपाल सिंह के नेतृत्व में लेखपाल देशराज सिंह और राकेश चौहान ने मंदिर के चारों तरफ घूमकर शनिवार को पैमाइश शुरू की। उन्होंने बताया कि मंदिर की जमीन गाटा संख्या



207, 209 और 212 में स्थित है। कानूनगो ने मंदिर के महंतों को बताया कि सोमवार को अन्य कर्मचारियों के आने पर फाइनल पैमाइश की जाएगी।पैमाइश के लिए मंदिर के महंतों ने एक दिन पहले डीएम से अनुरोध किया था। मंदिर के महंत हितेश्वर गिरि ने बताया कि इस मामले में मंदिर प्रबंधन की बैठक हुई है। महंतों ने निर्णय लिया है कि सुरक्षा के लिए मंदिर की बाउंड्री पर तारबंदी की जाएगी। अतिक्रमण से बचाने के लिए मंदिर की जमीन को सुरक्षित करना जरूरी है। भोजन व्यवस्था को ठीक करने के लिए खिड़कियों और दरवाजों की मरम्मत की जाएगी। मंदिर में अन्य कार्य अखाड़े के तरफ से बाद में कराए जाएंगे। पुलिस रायबरेली से गायब हुए महंत की नहीं कर रही तलाश- लालबाग स्थित काली माता मंदिर से प्रयागराज भेजे गए महंत सज्जन गिरि की पुलिस खोजबीन नहीं कर रही है। सिर्फ मंदिर की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। आरोप है कि महंत अपने साथियों पर हमला कर रायबरेली से भाग निकले। लालबाग स्थित सिद्धपीठ काली माता मंदिर के पूर्व महंत सज्जन गिरि और राम गिरि को पुलिस ने प्राइवेट वाहन से महंत ग्रीशानंद गिरि और महंत आनंदेश्वर गिरि के साथ नौ अप्रैल को प्रयागराज के लिए भेजा था। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के संतों ने इस मामले में पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि लखनऊ के बंथरा निवासी सज्जन गिरि रायबरेली के आसपास पहुंचने पर अपने करीबी लोगों को बुलाए और साथियों पर हमला कराने के बाद भाग निकले हैं। आशंका जताई है कि सज्जन गिरि अपने साथियों के साथ काली माता मंदिर के नवनियुक्त महंतों को भी क्षति पहुंचा सकते हैं। इस मामले में मंदिर पर पुलिस फोर्स तैनात कर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस बारे में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह का कहना है कि पुलिस महंत सज्जन गिरि की तलाश नहीं कर रही है। सिर्फ मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी है। नवनियुक्त महंतों ने की आरती - सिद्धपीठ काली माता मंदिर में शनिवार की शाम देवी देवताओं की विधिवत आरती की गई। इस आरती में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महंत कंचन गिरी, धीरेंद्र पुरी, मंदिर के महंत हितेश्वर गिरी, इच्छा गिरी, महाकाल गिरी और वशिष्ठ गिरी शामिल हुए।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# शहर को कूड़े के ढेर से मिलेगी मुक्ति, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का काम तेज



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा /बरेली। शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है, उन्हें जल्द ही सड़कों और डंपिंग यार्डों में लगे कूड़े के ढेरों से स्थायी मुक्ति मिल जाएगी। नगर निगम ने शहर के 80 वार्डों से प्रतिदिन निकलने वाले करीब 500 मीट्रिक टन कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाते हुए सथरापुर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की स्थापना का कार्य तेजी से चल रहा है। निगम अधिकारियों के अनुसार, प्लांट पर मशीनों के इंस्टॉलेशन का काम तेजी से चल रहा है और जल्द ही यहां ट्रायल शुरू किया जाएगा। इस परियोजना के लिए दिल्ली की संस्था पीपुल्स एसोसिएशन फॉर टोटल हेल्प एप्लूज (पाथ्या) का चयन किया गया है, जिसने मौके पर उपकरण पहुंचाने और उन्हें स्थापित करने की कवायद शुरू कर दी है। पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि यह प्लांट जीरो वेस्ट मैनेजमेंट के सिद्धांत पर आधारित होगा। इसके तहत नगर निगम कार्यदायी संस्था को कचरा निस्तारण के बदले प्रति टन 446 रुपये का भुगतान करेगा।

प्लांट संचालन के बाद सुधरेगी स्वच्छ रैंकिंग प्लांट की स्थापना शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगी। बीते वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में बरेली की रैंकिंग उम्मीद के मुताबिक नहीं थी और शहर पिछड़ गया था। पिछले साल कम अंक आने का सबसे बड़ा कारण शहर में लीगेसी वेस्ट यानी कूड़े के पुराने ढेरों का उचित निस्तारण न हो पाना और प्रोसेसिंग प्लांट का अभाव था। कचरे के पृथक्करण और प्रोसेसिंग यूनिट की कमी के चलते केंद्र सरकार की टीम के निरीक्षण में कम अंकों का नुकसान उठाना पड़ा था। अब जबकि 15 अप्रैल के बाद केंद्रीय टीम के सर्वे के लिए पहुंचने की संभावना है, नगर निगम इन कमियों को दूर कर स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाने की तैयारी में है।

# बरेली सहित 50 स्टेशन एआई सुरक्षा प्रणाली से होंगे लैस, ड्रोन कैमरों से पटरियों की निगरानी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जल्द ही ट्रेनों में यात्रा पहले से ज्यादा सुरक्षित, तेज और आरामदायक होगी। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के 50 रेलवे स्टेशनों को सीसीटीवी कैमरों और एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) आधारित इंटरलॉकिंग, सिग्नलिंग प्रणाली आदि से लैस किया जाएगा। सरकार ने इसके लिए 970 करोड़ रुपये जारी किए हैं। पहले चरण में गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर और रोजा समेत 15 रेलवे स्टेशनों को एआई प्रणाली से लैस किया जाएगा। इस पर इसी वित्त वर्ष में काम शुरू करने की तैयारी है।अब तक ट्रेनों के सभी ज्वाइंट की जांच मैनुअल की जाती है। ट्रेन के स्टेशन से चलने के दौरान कुछ रेलकर्मी ट्रेन के गुजरते समय ज्वाइंट को झुककर देखते हैं। इस व्यवस्था में मानवीय चूक की आशंका रहती है। अगर कोई ट्रेन तेज गति पर होती है तो उनकी मैनुअल जांच मुश्किल हो जाती है।

# दुर्व्यवहार के आरोप में क्राइम इंस्पेक्टर को स्स्क्कने किया निलंबित

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । जनपद के थाना नवाबगंज में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह के खिलाफ गंभीर शिकायत सामने आई है। कार्य एवं आचरण से जुड़ी शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की गई, जिसमें दुर्व्यवहार की पुष्टि हुई। इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने निरीक्षक जयपाल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। साथ ही पूरे मामले की विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य का सिर्फ और सिर्फ कहना है कि अनुशासनहीनता और गलत आचरण किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## बरेली में 17 कन्याओं का सामूहिक विवाह

# भव्य आयोजन में उमड़ा जनसैलाब, शहनाइयों के बीच गूंजे मंगलगीत

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। कुर्मी क्षत्रिय सभा द्वारा आयोजित 18वें स्वजातीय परिचय सम्मेलन एवं कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन रविवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया गया।








कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एड. के.पी. सेन गंगवार व उनकी पत्नी सुधा सेन गंगवार ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया और विवाह परिचयिका का विमोचन किया गया। समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ 17 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री भगवत सरन गंगवार, पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, ब्लॉक प्रमुख भूपेन्द्र कुर्मी, आईएमए अध्यक्ष डॉ. डी.पी. गंगवार, प्रवेश राठौर, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, रत्नेश गंगवार समेत अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एड. के.पी. सेन गंगवार ने की जबकि संचालन कुर्मी क्षत्रिय सभा के उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार ने किया। सामूहिक विवाह में शामिल 17 नवविवाहित जोड़ों को मंच पर बुलाकर अतिथियों ने आशीर्वाद दिया। इस दौरान समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। विवाह के बाद सभी को भोजन कराया गया और गृहस्थी हेतु उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष एड. के.पी. सेन गंगवार, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, प्रेम शंकर गंगवार, छत्रपाल सिंह गंगवार, महामंत्री रामऔतार गंगवार, मूलचंद्र गंगवार, आलोक गंगवार, एड. मनोज बाबू गंगवार और मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार समेत कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम के दौरान सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और सामूहिक विवाह जैसी पहल से गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने इसे सामाजिक समरसता की मिसाल बताया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि इस तरह के आयोजन बेटियों के सम्मान और सुरक्षित भविष्य की दिशा में मजबूत कदम हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि समाज को ऐसे प्रयास लगातार करने चाहिए।

कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष एड. के.पी. सेन गंगवार ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज को एक मंच पर लाना और जरूरतमंद परिवारों की मदद करना है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह से सामाजिक बंधन मजबूत होते हैं और आपसी सहयोग की भावना बढ़ती है। वहीं उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रम और बड़े स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके, अरविन्द पटेल, विद्याराम गंगवार, ओमकार गंगवार, एड. मुनेन्द्र सिंह गंगवार, डा. उग्र सेन गंगवार, युधिष्ठर प्रसाद गंगवार, अमित गंगवार, खेमेन्द्र पाल सिंह, वीरेश कुमार गंगवार, तेज पाल गंगवार, भानू प्रताप गंगवार, मनोहर लाल गंगवार, प्रमोद कुमार सिंह, भद्र पाल गंगवार और महेश चन्द पटेल समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# कैंट पुलिस ने 24 घंटे में नाबालिग दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । थाना कैंट पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल शनिवार को थाना कैंट क्षेत्र में रह वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी छोटी बहन के साथ सतीश गिरी नामक व्यक्ति ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस गंभीर मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा संख्या 178/26 धारा 64 बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया। इसके बाद अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निरीक्षक अपराध भारत सिंह और उपनिरीक्षक रोहित तोमर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सतीश गिरी को कठपुला पुल, थाना कैंट क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी सतीश गिरी, नकटिया के ग्रास मंडी का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी सफाई न्यायालय में देने की बात कही है।



# क्लीनिक में चोरी करने घुसा था किशोर, शटर और दीवार के बीच फंसी गर्दन, आठ घंटे तक लटका रहा

